हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 2 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

12 गौरा-गौरी विवाह पर ग्रामीणों ने निकाली बारात


14 नगर में देवउठनी एकादशी पर हुआ ...




# तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

## हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं उपलब्धियों पर पंचायतें होंगी सम्मानित

छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की अध्यक्षता में 2 नवम्बर को सायं 6 बजे से बलौदाबाजार स्थित पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय हाई स्कूल मैदान में होगा। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि क़े रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं सांसद जांजगीर- चांपा कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि क़े तौर पर उपस्थित रहेंगे। राज्योत्सव में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त 225 एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त 60 पंचायत के सरपंच सचिव को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा 86 बुजुर्गो व दिव्यांगों को ट्राइसिकल वितरण, हम होंगे कामयाब अंतर्गत 50 युवाओं को प्रशस्ति पत्र, आदिवासी विकास विभाग द्वारा 4343 छात्रों को 2 करोड़ से अधिक राशि का छात्रावृत्ति वितरण, स्वामितत्त्व योजना अंतर्गत किसानों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया जाएगा।

■ विभागीय विकास प्रदर्शनी होंगी मुख्य आकर्षण का केंद्र

### विभागीय प्रदर्शनी

राज्योत्सव में विभागीय उपलब्धियों को स्टॉलो में विशेष साज सज्जा क़े साथ आकर्ष ढंग से प्रदर्शित किया गया हैं जो लोगों को आकर्षित करेगा। विभागीय प्रदर्शनी पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग, समाज कलयाण, उद्योग, कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, पशु पालन, उद्योग, स्वास्थ्य सहित करीब 20 द्वारा लगाए जायेंगे।

### सांस्कृतिक संध्या पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

तीन दिवसीय राज्योत्सव में अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या में मशहूर कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 2 नवम्बर रविवार सायं 6 बजे से रंग सरोवर छत्तीसगढ़ की पुरातन व पारंपरिक शैलियों की झलकियां भूपेन्द्र साहू एवं साथी द्वारा, राधारानी पण्डवानी पार्टी डमरू, बलौदाबाजार के फिरतराम साहू एवं साथी द्वारा, सुर ओ चंदम आर्टिस्ट बैंड ग्रुप बलौदाबाजार द्वारा लाइव म्युजिक कॉन्सर्ट (लोक एवं सूफी संगीत), बिलासपुर क़े किरण मोइत्रा एवं साथी द्वारा कठपुतली एवं नाट्य कला मंच, 3 नवम्बर सोमवार सायं 6 बजे से रंग झरोखा" भिलाई छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था दुष्यंत हरमुख एवं साथी द्वारा, झांकी लोक सांस्कृतिक संस्था करमदा, बलौदाबाजार मणीसिंह ठाकुर एवं साथी द्वारा,/"सुर ओ चंदम आर्टिस्ट बैंड ग्रुप बलौदाबाजार/" लाइव म्युजिक कॉन्सर्ट लोक एवं सूफी संगीत कठपुतली एवं नाट्य कला मंच बिलासपुर किरण मोइत्रा एवं साथी द्वारा, 4 नवम्बर मंगलवार सायं 6 बजे से चिन्हारी लोक मंजीरा/" छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच पायल साहू एवं साथी द्वारा सुर ओ चंदम आर्टिस्ट बैंड ग्रुप बलौदाबाजार लाइव म्युजिक कॉन्सर्ट (लोक एवं सूफी संगीत),कठपुतली एवं नाट्य कला मंच बिलासपुर की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही स्कूली विद्यार्थियों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित लकड़ियों के चिरान मिलने पर संडी की सॉ मिल सील



**बलौदाबाजार**। वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार बसंत कुमार खांडेकर के नेतृत्व में संडी स्थित चंद्रिका वर्मा सॉ मिल में छापामार कार्रवाई की गई। वन विभाग को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसमें प्रतिबंधित प्रजातियों की लकड़ियों का चिरान पाए जाने की पुष्टि हुई। कार्रवाई के दौरान सॉ मिल परिसर से साजा, मुढ़ी तथा बबूल प्रजातियों की लकड़ियां बरामद की गईं। उक्त लकड़ियां भारतीय काष्ठ चिरान अधिनियम, 1984 के तहत प्रतिबंधित श्रेणी में आती हैं। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण क्रमांक 1968/17 दिनांक 30 अक्टूबर दर्ज करते हुए सॉ मिल को सील करने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में मुख्य रूप से वनपाल उमाशंकर कैवर्त, वनरक्षक रजनीश वर्मा, वनरक्षक दिलेश्वर कंवर, वनरक्षक मनबोधन टंडन, वनरक्षक विजय ध्रुव, वनरक्षक पाटले, तथा वनकर्मी रितेश साहू, सूरज और किशोर की सक्रिय भूमिका रही।

### हथबंद में मना छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव



**हथबंद**। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के सेनानियों ने हथबंद के भारत माता चौक में 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ का 25 वां स्थापना दिवस मनाया। इसमें छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति पर पुष्प माला अर्पित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य गीत को गाते हुए पूजा अर्चना कर केक काटा और सभी छत्तीसगढ़ वासियों तथा छत्तीसगढ़िया समाज की सुख शांति की मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा, जिसमें प्रमुख रूप से सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष साहू, रामेश्वर जांगड़े, राहूल साहू ग्राम भैसा प्रमुख खुबीराम साहू, योगेश वैष्णव केसदा, राजेंद्र साहू, राकेश निषाद, विजय निषाद, बदल बघेल, तरुण ध्रुव, विमल यादव, हेमलाल ध्रुव, नितिन परिधि, छोटू राम निषाद, कमलेश यादव, रूपलाल कोसले, आकाश लहरे, कान्हा धुरु आदि लोग उपस्थित थे।

### देवउठनी एकादशी पर गन्ना की मांग बढ़ी





**पलारी**। देवउठनी पर्व शनिवार को मनाया गया। इस दिन तुलसी विवाह शुभ मुहूर्त में किया गया। बाकायदा गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी विवाह पर विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके लिए बाज़ारों में गन्नों की खूब डिमांड रही, जो 80 से 100 रुपये जोड़ी में बिकी। पलारी में सुबह से ही गन्नों का बाजार लगा रहा और शाम होते होते सभी के गन्ने बिक गए। माना जाता है कि तुलसी विवाह के पश्चात मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाता है। वहीं दीपावली के 12 वें दिन देव उठनी अर्थात जेठऊनी छोटी दीवाली के रूप में मनाई गई। कहा जा रहा है कि विशेष संयोग के चलते 2 नवंबर को भी तुलसी विवाह का आयोजन होगा।

## राज्य स्थापना दिवस पर पीएम आवास हितग्राहियों को सौंपी गई चाबी

# जिले में 20 हजार लोगों के पक्के मकान का सपना हुआ पूरा, किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार







राज्य स्थापना दिवस पर पीएम आवास योजना के तहत जिले के 20 हज़ार से अधिक हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। कलेक्टर दीपक सोनी और सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल इस अवसर पर ग्राम लवनबंद पहुंचे और तीन हितग्राहियों नाथूराम सेन, संतुराम साहू और दौलत राम निराला को उनके पक्के मकान की चाबी सौंप कर पारंपरिक विधि विधान और रिबन काटकर गृह प्रवेश करवाया। सोनी ने उन्हें मिठाई और उपहार भी भेंट किए। तीनों परिवार और ग्रामीण कलेक्टर सोनी को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर नाथूराम सेन के परिवार की तीन पीढ़ियों ने एक साथ गृह प्रवेश किया। भारतीय परम्परा के अनुसार हाथा देकर उनकी बेटी ने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। सेन परिवार में सास-बहू की जोड़ी प्यारी और पूर्णिमा सेन ने नव वधुओं की तरह कुम-कुम वाले पैरों के साथ अपने नए पक्के मकान में प्रवेश किया।

परिवार के मुखिया नाथूराम सेन बताते हैं कि पक्का मकान बन जाने से पूरा परिवार खुश है। मकान बनाने में प्रधानमंत्री आवास योजना से बहुत मदद मिली। उन्होंने मकान निर्माण के लिए कुछ अपनी जमा पूंजी भी लगाई और परिवार की ज़रूरत के हिसाब से 4 कमरों का मकान बनाया। उनकी पत्नी प्यारी सेन ने बताया कि कच्चे मकान में बहुत दिक्कतें थी, बारिश में छत टपकती थी, बंदर बार-बार नुकसान करते थे। अब पक्का मकान बन जाने से सारी परेशानी दूर हो गई। परिवार की वधू पूर्णिमा सेन ने बताया कि ख़ुद का पक्का मकान पाकर पूरा परिवार ख़ुश है।मकान में शौचालय का भी निर्माण ▸▸ शेष पेज 12 पर

### छत्तीसगढ़ महतारी और महापुरुषों को नमन





**बलौदाबाज़ार**। राज्य स्थापना दिवस पर कलेक्टर दीपक सोनी ने छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी, शहीद वीर नारायण सिंह और बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के चरणों पर पुष्प अर्पित कर जिलेवासियों की खुशहाली की कामना की और राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा बलौदाबाजार-भाटापारा जिला विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। उन्होंने अपील की है कि सभी नागरिक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में ज़रूर शामिल हो। अपने जिले को अपने परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखें, यह भी एक तरह से छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

थाना कसडोल क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बलौदाबाजार गिरजेश प्रताप सिंह ने आरोपी मोहन लाल साहू पिता नंदलाल साहू, निवासी ग्राम मटिया, थाना गिधौरी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है।

घटना 16 फरवरी 2022 की है, जब नाबालिग पीड़िता अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी मोहन लाल साहू घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। जब पीड़िता की मां शाम को घर लौटी तो उसने पूरी घटना बताई। बाद में पीड़िता ने थाना कसडोल में रिपोर्ट दर्ज कराई।

रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर 16 फरवरी 2022 से 16 अप्रैल 2023 तक लगातार उसके साथ शारीरिक शोषण किया। जब पीड़िता बालिग हुई और शादी की बात कही, तो आरोपी और उसके पिता ने विवाह से इंकार कर दिया। इस पर पीड़िता ने दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को पुनः थाना कसडोल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(2)(एन) भा.दं.सं. एवं धारा 4(2), 6, 11(iv)/12 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत अपराध दर्ज किया। विवेचना पूर्ण होने पर मामला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो बलौदाबाजार के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### अर्थदंड की राशि जमा न करने पर अतिरिक्त कारावास

प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक निशा शर्मा ने पैरवी की और कुल 9 साक्षियों के बयान कराए। साक्ष्यों एवं तर्कों से न्यायालय ने घटना को प्रमाणित मानते हुए दिनांक 30 अक्टूबर को निर्णय पारित किया।न्यायालय ने आरोपी मोहन लाल साहू को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा भी भुगतनी होगी।

# सिमगा में रूकवाया गया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

बाल विवाह रोकथाम के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में आशा इकाई का गठन किया गया है। इसका कार्य बाल विवाह को रोकने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना और उससे पीड़ित बच्चों को कानूनी सुरक्षा और अन्य राहत प्रदान करना है।

■ बाल विवाह रोकने में सफल हो रहा जागरूकता अभियान

जिला बलौदाबाजार के सिमगा क्षेत्र में विगत रात्रि को सूचना मिली कि 14 वर्षीय बालिका का बाल विवाह के लिये सगाई की जा रही है। सूचना पर सिमगा क्षेत्र के पैरालीगल वालेंटियर नागेश यदु संबंधित थाने के कर्मचारी एवं अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी गई कि बाल विवाह करना अपराध है। बालिग ▸▸ शेष पेज 12 पर

# महिला पर जानलेवा हमले के दोषी को 7 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

थाना गिधपुरी क्षेत्र के ग्राम कौवाडीह में हुई जानलेवा हमले की घटना में न्यायालय ने आरोपी विजय दास वैष्णव को दोषी पाते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास सहित अर्थदंड से दंडित किया है।

घटना पिछले वर्ष 10 नवम्बर की है, जब ग्राम कौवाडीह निवासी आहत चंदा बाई अपनी पान-गुटखा की दुकान पर बैठी थी। उसी दौरान आरोपी विजय दास वैष्णव, जो कि उसका रिश्तेदार भी है, ने आपसी विवाद के चलते मुर्गा काटने वाले हथियार से सिर पर दो-तीन बार प्राणघातक हमला कर दिया। आवाज सुनकर चंदा बाई का पति बाहर आया, तब आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट थाना गिधपुरी में दर्ज कराई गई, जहां पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 109 एवं आर्म्स एक्ट की धाराओं 25 और 27 के तहत अपराध दर्ज किया। विवेचना पूर्ण होने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने पैरवी की। अभियोजन द्वारा कुल 14 साक्षियों के बयान कराए गए, जिनमें आहत, चक्षुदर्शी साक्षी, हथियार जब्ती पंचनामा एवं घटनास्थल के गवाहों ने घटना की पुष्टि की। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार विवेक कुमार गर्ग ने अभियोजन के तर्कों से सहमति जताते हुए आरोपी विजय दास वैष्णव को दोषसिद्ध पाया। न्यायालय ने आरोपी को धारा 109 भा.दं.सं. के तहत 7 वर्ष, धारा 25 आर्म्स एक्ट में 5 वर्ष तथा धारा 27 आर्म्स एक्ट में 7 वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है।

■ मुर्गा काटने वाले हथियार से सिर पर प्राणघातक हमला किया

# फल विक्रेता की हत्या का पर्दाफाश, पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

वटगन में 25 अक्टूबर को फल विक्रेता अमृत गिरी 45 वर्ष की उनके घर में ही हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। मृतक की पत्नी चंद्रिका गिरी ने अपने पुरुष मित्र टुन्ना कुमार शर्मा के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से पति की हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना पलारी की पुलिस टीम और साइबर सेल की टेक्निकल टीम ने जांच और पतासाजी शुरू की। शुरुआती जांच में हत्या का कोई स्पष्ट उद्देश्य सामने नहीं आ रहा था। हालांकि, मृतक की पत्नी चंद्रिका गिरी के गोल-मोल जवाब देने पर पुलिस का शक गहराया। गहन और मनोवैज्ञानिक पूछताछ में चंद्रिका गिरी ने खुलासा किया कि उसका टुन्ना कुमार शर्मा से इंस्टाग्राम के माध्यम से जान-पहचान हुई थी और उनके बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया था।

■ प्रेम संबंध के चलते पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर बनाई थी हत्या की योजना

मृतक अमृत गिरी को पत्नी के प्रेम संबंध का पता चल गया था, जिसके चलते वह शराब पीकर पत्नी से लड़ाई-झगड़ा करता था। आरोपी चंद्रिका गिरी अपने प्रेमी से मिल नहीं पा रही थी और पति के झगड़ों से परेशान थी। उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और सुनियोजित तरीके से दिया ▸▸ शेष पेज 12 पर

### चेन्नई से गिरफ्तार हुआ प्रेमी

पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से हत्या के आरोपी टुन्ना कुमार शर्मा को चेन्नई से हिरासत में लिया। विवेचना के दौरान, आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी सहित अन्य आवश्यक साक्ष्य जब्त किए गए।प्रार्थी समीर गिरी की रिपोर्ट पर थाना पलारी में संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों चंद्रिका गिरी और टुन्ना कुमार शर्मा को 1 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## चार फरार आरोपियों की तलाश जारी

# बायसन का शिकार करते पकड़े गये तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार





उपवनमंडलाधिकारी कसडोल अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में अर्जुनी परिक्षेत्र की वन विभागीय टीम द्वारा गौर (बायसन) के अवैध शिकार प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिलाड़ी परिसर के संरक्षित वन कक्ष क्रमांक 324 में वन्यप्राणी गौर (बायसन) के अवैध शिकार की सूचना मुखबिरों के माध्यम से प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान गौर के शरीर के अंग बिखरे हुए मिले, जिससे शिकार की पुष्टि हुई।पूछताछ में अपराध स्वीकार करने पर तीनों आरोपियों में समेलाल वल्द नैनसिंग यादव 42 वर्ष, राजकुमार वल्द अंतराम गोंड 42 वर्ष, दिनेश वल्द रतिराम कोड़ाकू 30 वर्ष, तीनों निवासी ग्राम बिलारी, तहसील सोनाखान, जिला बलौदाबाजार को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में चार अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी सक्रिय रूप से तलाश की जा रही है।

गौरतलब है कि आरोपी राजकुमार वल्द अंतराम सिदार आदतन अपराधी है, जो पूर्व में भी विद्युत करंट से शिकार करने के दो मामलों में जेल जा चुका है। जमानत पर रिहा होने के बाद भी वह पुनः 25 अक्टूबर को गर्भवती गौर के अवैध शिकार में संलिप्त पाया गया, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

इस कार्रवाई में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता रायपुर के सहायक वन संरक्षक संदीप सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका रही। इसके साथ ही रूपेंद्र कुमार साहू रूपेश्वरी दीवान, भरतलाल साहू, भागीरथी सोनवानी, रविंद्रकुमार पांडे एवं टीम की भी सराहनीय योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**



## सेवानिवृत प्रधानपाठक ने स्कूल में किया न्योता भोज का आयोजन

**खरोरा**। आओ खुशियां बांटे योजना के तहत पूर्व माध्यमिक शाला मांठ के प्रधानपाठक आशाराम वर्मा ने अपने सेवानिवृत्ति पर ग्राम मांठ में एक स्नेह और सम्मान से परिपूर्ण न्योता भोज का आयोजन किया। इस आयोजन में हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला मांठ के विद्यार्थी, शिक्षक, शाला समितियों के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भोज में खीर, पूरी, केला, मिठाई, छोले, कढ़ी, दाल-चावल आदि पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद सभी ने मिल जुलकर लिया। यह आयोजन न केवल वर्मा के शिक्षकीय जीवन का सम्मान था, बल्कि गांव और विद्यालय परिवार के बीच उनके अटूट संबंध का प्रतीक भी रहा।कार्यक्रम में सीताराम यादव, केआर वर्मा, अंबिका प्रसाद वर्मा सहित सरपंच विनय कुमार वर्मा, उपसरपंच वेदप्रकाश वर्मा, पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्राचार्य हेमलता साहू ने कहा कि "आशा राम वर्मा विद्यालय की रीढ़ के समान हैं, जिन्होंने अपने 40 वर्षों के शिक्षकीय जीवन में निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी की मिसाल कायम की है। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों की नींव रखी है। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन और सामूहिक मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

**पर्व :** गांव के सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हुए शामिल

# गौरा-गौरी विवाह पर ग्रामीणों ने निकाली बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

ग्राम सुहेला के सतबहिनिया माता चौक में इस वर्ष पहली बार भव्य स्तर पर गौरा-गौरी विवाह उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन आंवला नवमी के दिन, देवउठनी एकादशी से एक दिन पूर्व, महामाया दुर्गा उत्सव समिति के युवाओं द्वारा किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना दिया। महामाया चौक पर भगवान गौर शंकर की सुंदर प्रतिमा स्थापित की गई, वहीं सतबहिनीया माता चौक के पास गौरी माता पार्वती की प्रतिमा विराजमान की गई। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार, महामाया चौक से गौरा भगवान की बारात बड़े ही धूमधाम से निकाली गई, जिसमें गाँव के सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए।

कार्यक्रम के पूर्व समिति के सदस्यों ने ग्राम के प्रत्येक घर जाकर पीला चावल और दीप जलाकर आमंत्रण दिया "आज गौरा-गौरी का विवाह है, आप सभी सादर आमंत्रित हैं।"

बारात में आकर्षक झांकियां, अखाड़ों के शानदार प्रदर्शन और पारंपरिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम रात 8 बजे प्रारंभ हुआ और देर रात तक गाँव की गलियों में बारात भ्रमण करती रही। विवाह विधि विधान से सम्पन्न कराया गया, जिसमें ग्रामीणों ने पारंपरिक "टिकावन" अर्पित किया और फल-फूल, साड़ी व अन्य सामग्री भेंट की।

समिति की ओर से सभी ग्रामीणों के लिए चाय-नाश्ते की विशेष व्यवस्था की गई। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष आसन की सुविधा दी गई। इस दौरान ग्राम उपसरपंच देवा, पूर्व सरपंच निरंजन वर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, रेवाराम साहू, रिपुसुदन वर्मा, सालिक सिंह और माखन यदु सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे गांव ने रातभर भजन-कीर्तन और जागरण में भाग लिया। अगले दिन सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गौरा-गौरी प्रतिमाओं का विसर्जन ग्राम के बड़े तालाब में किया गया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बताया। युवाओं के इस प्रयास की सभी ने सराहना की और आशा जताई कि भविष्य में भी इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से गांव की परंपरा और एकता को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम की सफलता में विजय वर्मा, धनंजय वर्मा, जागेश, जितेंद्र नायक, मनीष वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, दीपक वर्मा, जयंत आदि समिति सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

समिति के सदस्य विजय वर्मा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गांव समाज में एकता बनाए रखना, लोगों के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करना और बुजुर्गों के मान-सम्मान को बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि समिति पिछले 25 वर्षों से सक्रिय है और समय-समय पर दुर्गा पूजा, हिन्दू नववर्ष, रामनवमी जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। इस वर्ष पहली बार समिति द्वारा गौरा-गौरी विवाह उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला। ग्रामवासी प्रदीप ध्रुव ने कहा कि पहली बार इतने बड़े स्तर पर हमारे सतबहिनीया माता चौक में कार्यक्रम हुआ है। देवउठनी एकादशी से पूर्व आयोजित यह उत्सव हमें अपार खुशी दे गया। समिति के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई।









## अर्जुनी में निकाली गौरा गौरी की शोभायात्रा



**अर्जुनी**। ग्राम अर्जुनी में देवउठनी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व में गौरा गौरी की विधि विधान पूर्वक विवाह रचाया गया और उनकी प्रतिमा को दुर्गा चौक में स्थापित किया गया और पूजा अर्चना करने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। शोभा यात्रा दुर्गा चौक से होते हुए गांधी चौक मावली चौक महामाया मंदिर होते हुए गांव तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान बाजे की धुन में लोग नाचते हुए पटाखे फोड़े तथा शोभायात्रा को देखने के लिए लोगों की भीड़ रही, जो तालाब तक देखने को मिला। साथ ही मुढ़ीपार में भी क्षेत्र के जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा द्वारा मां गौरी और गौरा की पूजा अर्चना कर स्वागत करते हुए क्षेत्र गांव प्रदेश और देशवासियों की सुख शांति समृद्धि की कामना की गई।



## शोभायात्रा के साथ गौरा-गौरी का विसर्जन

**बगबुड़ा**। बलौदाबाजार जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाहोद में तीन दिवसीय गौरा-गौरी पूजा उत्सव का समापन शोभायात्रा और मूर्तियों के विसर्जन के साथ हुआ। गांव की प्रमुख सबसे पुरानी बस्ती चौक महामाया चौक से शुरू हुई यह यात्रा पांच घंटे तक चली और शाम 6 बजे बड़े तालाब में समाप्त हुई, जहां 6 गौरा-गौरी मूर्तियों का विसर्जन किया गया। गौरा-गौरी पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रतीक है। यह दीपावली के बाद से देवउठनी एकादशी तक मनाया जाता है। इस उत्सव की शुरुआत मिट्टी से गौरा शिव और गौरी पार्वती की मूर्तियां बनाकर होती है, जिन्हें विधि-विधान से स्थापित कर तीन दिनों तक पूजा जाता है। इस वर्ष लाहोद में 6 जगह अलग-अलग स्थानों पर मूर्तियां स्थापित की गई थीं। विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद ही विसर्जन यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा गांव के सभी चौक चौराहों, शीतला माता मंदिर, महामाया चौक, ठाकुर देव चौक सहित सभी प्रमुख मार्गों से गुजरी। युवाओं का समूह बाजे की थाप पर नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे। मार्ग में घरों के सामने चौकी लगाकर लोगों ने पूजा-अचर्चा की। कई भक्तों ने 'सोटा' ग्रहण किया, जिसे भक्ति और साहस का प्रतीक माना जाता है। इसके अतिरिक्त, अनेक महिलाओं, बच्चियों और युवाओं ने रास्ते में लेटकर माता की पालकी को अपने ऊपर से गुजरने का पुण्य प्राप्त किया गया।

## मंगल आरती के बाद गौरी-गौरा का विसर्जन

**मुंडा**। आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के आसपास क्षेत्र में देवउठनी एकादशी शनिवार रविवार होने पर शनिवार को ही देवउठनी का त्यौहार मनाया गया। बाजार चौक में गौरी गौरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रात्रि के समय रुद्र शंकर वर्मा के यहां गौरा शंकर भगवान को बैठाया गया। रुद्र शंकर वर्मा के यहां से गौरा शंकर भगवान का बाराती बनकर गंगाराम के यहां गौरी गौरा का विवाह संपन्न कराया और मंगल आरती करते हुए बाजार चौक में बैठाया गया। दोपहर 2 बजे मादार की थाप पर नाचते गाते हुए मंगल आरती के बाद विसर्जित किया। इसमें शामिल गिरधारी लाल वर्मा, घूरुवा प्रसाद वर्मा, रामनाथ पैकरा, परदेसी वर्मा, सुशील वर्मा, परमानंद वर्मा, टेकराम वर्मा, धरमलाल वर्मा, हीरेंद्र वर्मा, सुखराम, नागेश, खिलेश्वरी, भीष्म, शिवकुमार, सत्यनारायण, राजू, श्रीकांत, उमेंद्र वर्मा, झबुलाल, हीराराम वर्मा, परशुराम वर्मा, जैन कुमार वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, संतरा बाई वर्मा, सुशीला बाई वर्मा, जानकी गीता पैकरा सहित ग्रामवासी शामिल हुए।



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-
रा.प्र.क. अ/2, वर्ष 2025-26
ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण डोमार, राजकुमार, कुमारी सभी पिता भिखारी, भिखमत पति भिखारी निवासी भाटापारा (छ.ग.) कास्तकार ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 832/1, 838/1 रकबा क्रमशः 0.0600, 0.4000 हे. कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 0.4600 हे. कृषि भूमि आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदकगण उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा की प्रति एवं रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवेदित कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति-दावा हो तो वह स्वयं या अपने किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10/11/2025 तक अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावे।
आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

## शिविर में 370 लोगों ने कराई आंख की जांच



**पलारी**। छत्तीसगढ़ धीवर समाज लवनराज द्वारा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन विगत दिनों महर्षि वेदव्यास भवन पलारी में किया गया। इसमें बीपी, शुगर, दांत एवं आंख की निःशुल्क जांच की गई। इस शिविर में लवनराज पलारी के विभिन्न गांवों से आये धीवर समाज एवं अन्य समाज के लोगों ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या वर्मा ने अपने स्टॉफ सहित दांतो का जांच किये। वरिष्ठ नेत्र रोग सहायक डॉ. रामकुमार साहू ने नेत्र जांच किया और आर एच ओ परदेशी वर्मा ने अपने स्टॉफ सहित बीपी और शुगर की जांच किये शिविर में 370 लोगों की जांच की गई। अध्यक्ष मोतीराम फेकर ने सभी को अपने सेहत का ध्यान रखने की अपील की और कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इस अवसर पर सचिव दिनेश धीवर, कोषाध्यक्ष काशीराम धीवर, संरक्षक जागेश्वर फेकर, उपाध्यक्ष विष्णु फेकर, चुड़ामड़ी सिंघम, कर्मचारी अध्यक्ष हेमकुमार फेकर, संगठन मंत्री दिनेश फेकर, युवा अध्यक्ष रामभरोस फेकर, साहित्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष कृष्णकुमार फेकर, मयाराम फेकर, लतेल फेकर, घुरवाराम धीवर, ओमप्रकाश फेकर, मोतीलाल धीवर, ममता फेकर, गायत्री फेकर, सेवती धीवर , कुंती धीवर, सुंदर फेकर, मंशाराम धीवर, मनोज फेकर, नीलकंठ धीवर, अजय धीवर, ठाकुर राम फेकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### जिले में 20...

करवाया गया है, जिससे बहुत सुविधा हो गई है। नाथूराम और प्यारी सेन के नाती वासु, कोमल और चेतन ने पक्के मकान के लिए "थैंक यू मोदी जी" कह कर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। बेन बाई निराला ने गुरु घासीदास की आरती कर गृह प्रवेश किया। बुजुर्ग संतुराम साहू ने भी अपनी पत्नी के साथ गृह प्रवेश किया। कलेक्टर सोनी और सीईओ जिला पंचायत सुश्री अग्रवाल ने उन्हें मकान की चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पक्के मकान के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान गांव के सरपंच, जनपद सीईओ बलौदाबाजार, नायब तहसीलदार सहित आवास मित्र और ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### सिमगा में रूकवाया ...

होने पर ही विवाह करें, जिससे परिवार सहमत हो गया और एक नाबालिग का विवाह होने से रुक गया।अमिता जायसवाल सचिव द्वारा यह बताया गया है कि बाल विवाह भारत में एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत प्रतिबंधित है। इस कानून के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी को बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह कानूनी रूप से अमान्य है। बाल विवाह से बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह कराने वाले व्यक्ति बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्ति, बाल विवाह का आयोजन करने वाले व्यक्ति और जो पुरुष 21 वर्ष की आयु से अधिक है और बाल विवाह करता है उसके लिये सजा का प्रावधान किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जागरूकता अभियानों के माध्यम से बाल विवाह के नकारात्मक प्रभाव और दण्ड से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिससे बाल विवाह मुक्त क्षेत्र बलौदाबाजार को बनाया जा सके।
पैरालीगल वालिंटियर्स को कानूनी जागरूकता अभियान के लिये विशेष प्रशिक्षण प्रत्येक माह दिया जा रहा है, जिसका प्रभाव यह है कि जनसामान्य को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यप्रणाली की जानकारी हो रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव पर पं. चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकंडरी स्कूल बलौदाबाजार के मैदान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा भी विधिक जागरूकता के लिये 2 से 4 नवम्बर तक स्टॉल लगाया जा रहा है, जिसमें विधिक सहायता के लिये पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहेंगे और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के योजनाओं और कानूनी जागरूकता संबंधी पाम्पलेट्स का वितरण करेंगे।

### फल विक्रेता की...

वारदात को अंजाम दिया। योजना के तहत चंद्रिका गिरी 24 अक्टूबर की रात को अपने बच्चों के साथ नाचा कार्यक्रम देखने ग्राम लटेरा चली गई, जिससे मृतक अमृत गिरी घर में अकेला था। इसी मौके का फायदा उठाकर टुन्ना कुमार शर्मा घर आया। उसने धारदार कुल्हाड़ी से वार करते हुए अमृत गिरी की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी टुन्ना कुमार शर्मा तुरंत चेन्नई फरार हो गया, जहां वह काम करता था।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-
रा.प्र. क्र...... अ/2, वर्ष, 2025-26
वाद भूमि ग्राम केसदा प.ह.नं. 19
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार पिता रामेश्वर कास्तकार ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के नाम पर भूमि स्वामी हक में ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 22, 31, 14/2 रकबा क्रमशः 0.5400, 0.3900, 0.5000 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 1.4300 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा, प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सौर ऊर्जा) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 10/11/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अतएव आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-
रा.प्र. क्र...... अ/2, वर्ष, 2025-26
वाद भूमि ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण फागलाल, मालिकराम पिता बलीराम निवासी ग्राम कुंदरु कास्तकार ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदकगण के नाम पर भूमि स्वामी हक में ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 909/1 रकबा 0.0500 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण उक्त भूमि खसरा नं. 909/1 रकबा 0.0500 हे. को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा, प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सौर ऊर्जा) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 10/11/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अतएव आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-
रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष 2025-26
ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रामकृष्ण, पूजा, दोनों पिता स्व. कुंजबिहारी, रमादेवी पति कुंजबिहारी, ना.बा. मेघा, ना.बा. वर्षा पिता संतोष दास वैष्णव वली नानी रमादेवी पति स्व. कुंजबिहारी सभी निवासी भाटापारा (छ.ग.) कास्तकार ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 839/2 रकबा 0.0700 हे. कृषि भूमि आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदकगण उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा की प्रति एवं रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवेदित कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति-दावा हो तो वह स्वयं या अपने किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10/11/2025 तक अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-
रा.प्र. क्र...... अ/2, वर्ष, 2025-26
वाद भूमि ग्राम केसदा प.ह.नं. 19
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीता मंडावी पिता रामसाय कास्तकार ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के नाम पर भूमि स्वामी हक में ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 8, 12 रकबा क्रमशः 0.3400, 0.2100 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.5500 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा, प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सौर ऊर्जा) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 10/11/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अतएव आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

प्रथम पुण्य स्मरण
जन्म
11-03-1930
निर्वाण
02-11-2024



परम श्रद्धेय डॉ. श्री नंदकुमार यदु को प्रथम पुण्य तिथि पर कोटि-कोटि प्रणाम
यूं ही गुजरते जायेंगे, दिन, महीना और साल, आपको भूल नहीं पायेंगे, आओगे सदा ख्याल
आपकी याद में कट जायेंगे, जीवन के शेष दिन, पर आपके नहीं होने का सदा रहेगा मलाल।
हमारे परम पूजनीय कर्तव्यनिष्ठ, सरल, सहज, डैडी को प्रथम पुण्यतिथि पर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि
श्रद्धानवत
अखिलेश यदु (पुत्र), मीनाक्षी यदु (पुत्री), राखी-विनोद यादव (पुत्री-दामाद), शेवी, मॉली (नाती-नातिन)
एवं समस्त यदु परिवार, बलौदाबाजार (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**



## रंगोली से सजा घर-आंगन

**खरोरा।** शनिवार को देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह घर के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई गई। देवउठनी एकादशी को छोटा दिवाली भी कहते हैं। इस दिवाली में सभी के घरों के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाकर स्वागत किया।

## गन्ने के मंडप में हुआ तुलसी व शालिग्राम का विवाह



**खरोरा।** शनिवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष में देवउठनी एकादशी का पर्व आस्था के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों में तुलसी विवाह कर विधि- विधान से पूजा की। देवउठनी एकादशी पर नगर में लोगों ने अपने घरों में गन्ने का मंडप सजा का तुलसी व शालिग्राम का विवाह किया।मंदिरों में भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान हुए। इससे पहले श्रद्धालुओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर पूजन किया। दीपावली के बाद सन्नाटा पसरा गांव में भी शाम को तुलसी विवाह के बाद पटाखों की धमक गूंजी और रंगोंलियों से हर द्वार सजा हुआ था। राउत लोग गाय, भैंस को सोहाई बांधकर दोहा के साथ आशीष दिए देवउठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्य और शुभ कार्य प्रारंभ हो गया।

# करदा पंचायत के ग्रामीणों ने नशामुक्ति के लिए बढ़ाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

बलौदाबाजार विकासखंड और लवन नगर समीप ग्राम पंचायत करदा ने नशामुक्ति की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। गांव और खासकर युवा पीढ़ी को नशे की गुलामी से मुक्त करने पंचायत प्रतिनिधियों ने पहल करते हुए गांव में पूर्ण रूप से शराबबंदी का नियम बनाया है। सरपंच इतवारा कंवर और पंचायत पदाधिकारियों के नेतृत्व में महिलाओं ने संगठित होकर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। गांव में इस नियम को अमल में लाने महिलाओं ने पूर्ण नशा बंदी को लेकर शपथ भी ली। ग्राम करदा के पंचायत भवन में शराब बंदी को लेकर महिला सरपंच ने एक विशेष बैठक आयोजित की, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि गांव में शराब का बनाना, बेचना और सेवन अब पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना और पुलिस कार्रवाई, दोनों का सामना करना पड़ेगा। महिलाओं ने कहा कि गांव में पूर्णतः शराबबंदी के लिए लोगों को समझाइश दी जाएगी। उन्हें पंचायत की ओर से लिए गए निर्णय से भी अवगत कराया जाएगा।अभियान में महिलाओं ने संभाली कमान गांव की महिला सरपंच इतवारा कंवर और महिलाओं ने कहा कि गांव में शराब की वजह से घरेलू कलह, आर्थिक तंगी और बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब यह बर्दाश्त नहीं होगा। परिवार की खुशहाली और बच्चों का उज्ज्वल भविष्य हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए गांव में शराबंदी का निर्णय लिया गया है।

### गांव में महुआ शराब बनाने और बेचने पर अर्थदंड का रखा है प्रावधान

#### अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा बना करदा

ग्राम पंचायत करदा की इस पहल को आसपास की पंचायतों में भी सराहना मिल रही है। मितानिन, महिला समूह और किशोरी बालिकाएं अन्य गांवों में भी नशा मुक्ति अभियान चलाने की तैयारी कर रही हैं। यह पहल अब एक जन आंदोलन का रूप ले रही है, जो आने वाले समय में क्षेत्र की सामाजिक स्थिति को सकारात्मक रूप से बदल सकती है। गांव में आयोजित बैठक में यह तय हुआ कि यदि गांव में कोई व्यक्ति महुआ शराब बनाते या किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ बेचते या पीते पकड़ा गया, तो पंचायत स्तर पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।



#### सभी वर्ग का मिल रहा समर्थन

गांव के युवाओं और व्यापारियों ने भी इस अभियान का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने शराब के खिलाफ इस मुहिम का समर्थन करते हुए कहा कि भावी युवा पीढ़ी की बेहतरी के लिए यह अच्छा है। वहीं महिलाओं की इस पहल के बाद कई गांव में कुछ अवैध शराब विक्रेताओं ने स्वयं ही अपना कारोबार बंद कर दिया। इस बैठक में ग्राम करदा कि महिला रामेश्वरी, रत्ना, रामदुलारी, सोनिया, ईश्वरी, लता, जलबाई, राजकुमारी, जीवन बाई, सोनी, पुष्पाबाई, गीता, जामबाई, सुशीला, प्रमिला, कंचन, अमरीका, लेखबाई, राजा बाई, सुहाती, संतोषी, सुभद्रा, गीतादेवी, ईश्वरी बाई सहित पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पहल : कलेक्टर की छत्तीसगढ़ी बातचीत से गदगद हुए ग्रामीण

# लवनबंद में ग्रामीणों के बीच पहुंचे कलेक्टर सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी बलौदाबाजार जनपद के गांव लवन बंद पहुंचे। पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के गृह प्रवेश के बाद उन्होंने वहां बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ी में संबोधित किया और राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। कलेक्टर के छत्तीसगढ़ी संवाद को सुनकर ग्रामीण गदगद हो गए। ग्रामीणों ने कहा -जब हमर कलेक्टर ह सुघ्घर छत्तीसगढ़ी म गोठियाइस तन मन प्रसन्न होंगे।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप सभी केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं का पूरा लाभ लें। जन कल्याणकारी योजनाएं आप सभी के लिए हैं, इसलिए अपने गांव के सरपंच, सचिव, पटवारी और रोजगार सहायकों के संपर्क में रहें। उन्होंने इन सभी जमीनी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि गांव में नियमित रूप से जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते रहे। श्री सोनी ने इस अवसर पर ग्रामीणों को बताया कि धान खरीदी के लिए एग्रिस्टेक में जिले के 1 लाख 62 हज़ार किसानों का पंजीयन हो चुका है। शेष किसान जल्द अपना पंजीयन करवा लें, ताकि उन्हें धान बेचने में दिक्कत न हो। किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो समिति को अवगत करायें। उन्होंने कहा किसान भ्रमित न हों सभी पंजीकृत किसानों का वैध धान राज्य सरकार ख़रीदेगी। उन्होंने कहा कि बिचौलियों पर भी जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी, इसलिए वो अवैध धान खपाने की न सोचें। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 1 लाख 34 हज़ार से ज़्यादा किसानों को लाभ मिल रहा है जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है, सबसे ज्यादा हमारे जिले के किसानों ने पंजीयन कराया है।

इस दौरान कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर योजना की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि यह योजना आपके लिए बहुत लाभदायक है सौर ऊर्जा के माध्यम से आप सभी को बिजली के बिल से मुक्ति मिलेगी और फ्री में बिजली मिलेगी और खपत से अधिक उत्पादन होने पर आप उसे बेचकर भी आय अर्जित कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 1 किलोवाट सिस्टम पर 30 हजार, 2 किलोवाट पर 60 हजार और 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 78 हजार तक की सब्सिडी और छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की सब्सिडी के अलावा राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सब्सिडी, जैसे 1 किलोवाट पर 15 हजार और 2 किलोवाट पर 30 हजार दी जा रही है।

कलेक्टर सोनी ने इस दौरान ग्रामीण युवाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ फ़क़ीर चंद पटेल, नायब तहसीलदार हमेश साहू आदि उपस्थित रहे।

# राज्य स्थापना दिवस पर आटो चालक संघ ने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ महतारी चौक पर ऑटो चालक संघ द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में ऑटो चालक संघ के सभी सदस्यों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम से पूर्व ऑटो चालक संघ द्वारा निकाली गई आकर्षक ऑटो रैली ने पूरे शहर के वातावरण को "मां छत्तीसगढ़ महतारी" के जयघोष और "छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया" के गर्व से गुंजायमान कर दिया। रैली ने जन-जन में प्रदेश के प्रति गौरव, एकता और सांस्कृतिक अस्मिता की भावना का संचार किया।

विदित हो कि यह दिवस छत्तीसगढ़ की पहचान, परंपरा, परिश्रम और स्वाभिमान का प्रतीक है। यह हमें अपनी माटी, संस्कृति और लोकमूल्यों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। छत्तीसगढ़ सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि मेहनत, ममत्व और अपनत्व की भूमि है, जहां हर हृदय में मां छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति असीम श्रद्धा और प्रेम है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह गौरवमयी दिवस हमें अपने प्रदेश की संस्कृति, भाईचारे और विकास के मार्ग को और सशक्त बनाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ क्रांतिसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकांत यदु, ऑटोसंघ के संरक्षक शिव साहू, बोसु यदु, देवप्रसाद वर्मा, टिकेश साहू सचिव, मनहरन पाल बल्लू पाल राजकुमार साहू राजेश कुर्रे सुनील साहू ओमप्रकाश डहरिया अश्वनी साहू पप्पू मानिकपुरी शिवा धृतलहरे योगेश यदु एवं समस्त ऑटो चालक मौजूद रहे।




सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 नवम्बर 2025
SHOW TIME
बाहुबली द ईपिक
शो समय - 3:00, 6:00 PM
थामा
शो समय - 12:00, 9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने गोपालपुर समिति में किसान पंजीयन का लिया जायजा

**गोपालपुर।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम गोपालपुर के सहकारी समिति का निरीक्षण किया और वहां एग्रीस्टेक के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने इस समिति में उपस्थित किसानों से उनके एग्रीस्टेक पंजीयन की पूर्णता के बारे में पूछताछ की। कलेक्टर ने पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, तहसीलदार और एसडीएम से निर्देश दिए कि किसानों के धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की रुकावट बाधा को शीघ्र निराकरण करें। इस दौरान एसडीएम प्रफुल्ल रजक, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार कमलेश और देवराज सिदार उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त पर चौकीदार को दी गई विदाई



**कसडोल।** जल संसाधन विभाग में पदस्थ चौकीदार राधेश्याम साहू को 35 वर्ष की सेवा के बाद शुक्रवार को विदाई दी गई। इस दौरान कार्यालय के कर्मचारियों ने साहू को साल श्रीफल देकर सेवा अवधि को याद किया। विदाई के दौरान नगर के प्रमुख भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, पूर्व उपाध्यक्ष राजेश साहू सहित विभाग के प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी सी एस पैकरा, रोहित खरे सहायक अभियंता, सीताराम कुंभकार सहायता मानचित्रकार, कौशल प्रसाद, भूपेंद्र कुमार साहू, परदेशी राम यादव एवं समस्त स्टॉफ मौजूद रहें।

## निधन

### गोदावरी वर्मा



**अर्जुनी।** स्थानीय निवासी गोदावरी वर्मा 89 वर्ष का 31 अक्टूबर को निधन हो गया। वह स्व. नोहर प्रसाद वर्मा की पत्नी व प्रेमचंद वर्मा की माता और गजानंद वर्मा की चाची थीं। पीतांबर, राजेन्द्र, नकुल वर्मा की बड़ी माता तथा राघवेंद्र, विजय, मनीष, विनोद, आकांछा, रुचि, उन्नति की दादी थीं। उनकी अन्तयेष्टि स्थानीय मुक्तिधाम में की गई, जिसमें गांव के गणमान्य नागिरक सहित स्वजातीय बंधु व परिजन उपस्थित रहे।

**पर्व : शहर और गांवों में निकाली गई शोभायात्रा, आरती और पूजन के बाद विसर्जन**

# नगर में देवउठनी एकादशी पर हुआ अखाड़ा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में देवउठनी एकादशी पर्व पर गौरीगौरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के अधिकांश वार्डों में दीपोत्सव की भांति, देवउठनी पर्व के एक दिन पूर्व गौरी-गौरा मूर्ति की स्थापना कर रातभर रतजगा कर, भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती के वैवाहिक कार्यक्रम विधिविधान से रस्म अदायगी के साथ की गई। नयापारा वार्ड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सतरुपा गणेश ध्रुव व बजरंग ध्रुव, भूपेन्द्र ध्रुव के मार्गदर्शन में नयापारा वार्डवासियों के सहयोग से गौरी-गौरा का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर धूमधाम से गौरी गौरा वैवाहिक कार्यक्रम मनाया गया।

एकादशी के दिन दोपहर पश्चात नगर के कल्याण सागर तालाब में गाजे बाजे बजरंग सेना दल के अखाड़ा प्रदर्शन के साथ महिलाओं, युवक बच्चे और बूढ़े सभी वर्ग के लोग नाचते गाते अतिशीबाजी के साथ विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके उपरांत धूम धाम से देवउठनी का पर्व मनाया गया। तुलसी विवाह की प्रथा के कारण यहां गन्ने की आवक खूब रही, शहर के मुख्य मार्ग फव्वारा चौक, बस स्टैण्ड, सुहेला चौक आदि स्थानों पर गन्ने की खूब बिक्री रही।

गन्ने के साथ गेंदाफूल, शकरकंद, कोचई जिमीकंद, अमरूद, बेर, भाटा, चना भाजी सिंघाडा का उपयोग पीजा में किया जाता है। विदित हो कि देवउठनी एकादशी में अन्न आहार नहीं लिया। इसलिए फल के रूप में इन सभी चीजों की भी पूजा की जाती है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। एकादशी के दिन मां तुलसी और भगवान विष्णु के विवाह का दिन होता है।



### नगर के वार्डों में देवउठनी पर हुआ गौरी-गौरा महापूजन

**भाटापारा।** देवउठनी एकादशी पर आयोजित गौरा-गौरी पूजन नगर के विभिन्न वार्डों मुंशी स्माइल वार्ड, रामसागर वार्ड, नयागंज वार्ड तथा मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ पारंपरिक विधि-विधान से गौरा-गौरी महापूजन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रमों में नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए और माता गौरा तथा भगवान शिव-पार्वती की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय, उल्लासपूर्ण और सांस्कृतिक एकता की भावना से ओत-प्रोत रहा।यह पर्व छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा, आस्था, पारिवारिक एकता और सामाजिक समरसता का सुंदर प्रतीक है। गौरा-गौरी पूजन न केवल भक्ति और स्नेह का प्रतीक है, बल्कि यह समाज को प्रेम, एकजुटता और हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा भी देता है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सभी कार्यक्रमों में सहभागी होकर नगरवासियों को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे लोकपर्व हमारी संस्कृति की आत्मा हैं, जो समाज को एकता, सद्भाव और परंपरागत मूल्यों से जोड़ते हैं। साथ में पूर्व पार्षद व्यासनारायण यदु, पार्षद नरेंद्र यदु, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरा साहू, रवि मानिकपूरी, चंदन सेन, धन्नू यादव, प्रकाश भट्ट, राहुल चंद्राकर, राधे भाट, नारू सेन, शाकिर खान, विनय उपाध्याय, शैलेश दवे, जवाहर यदु, रवि साहू, राजेश साहू, नवीन मिश्रा एवं वार्डवासी उपस्थित थे।



### अंचल में देवउठनी पर्व मना



**बगबुड़ा।** अंचल में एकादशी देवउठनी का पर्व शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए गांव-गांव में विशेष तैयारी की जा रही है। ग्रामीण अंचल के बगबुड़ा, कोलिहा, कोहरौद, तुरमा, कुम्हारी, धाराशिव, खैरा, दतान, तिल्दा, लवन, कोरदा सहित अनेक गांवों में देवउठनी पर्व को लेकर ग्रामवासी विशेष तैयारी में जुट रहे। इस दिन विधिविधान के साथ तुलसी चौरा में गन्ने का मंडप सजाकर उसमें भगवान विष्णु और माता तुलसी की विवाह रचाया जाता है। लोग इस पर्व पर कांदा, सिंघाड़ा, लड्डू, मीठा का प्रसाद के रूप में वितरण किया जाता है। इसके अलावा यादव जाति के लोग देर रात तक गौ माता को सोहई बांधने का रस्म पूरी किये।

### गांव-गांव में रही छोटी दीवाली की धूम

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल में शहर से लेकर गांव-गांव तक देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह और गौरा-गौरी विवाहोत्सव में चहुं ओर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की धूम दिखायी दी। यहां युवक-युवती, महिला-पुरुष बड़े-बुजुर्गों सहित आम जनमानस इस उत्सव में बड़े ही उत्साह से बढ़चढ़ हिस्सा लिये।



## नगर में मनाया गया खाटू श्याम का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव में पहली बार खाटू श्याम का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें नगर के युवा वर्ग द्वारा बस स्टैंड भटगांव में प्रसाद स्वरूप जलेबी, पूरी, सब्जी व बाम्बे मिठाई का वितरण किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को खाटू श्याम बाबा का जन्म हुआ था। इसलिए यह तिथि उनके जन्मोत्सव के रूप मनाई जाती है। खाटू श्याम जिसका असली नाम बर्बरीक था। महाभारत काल के एक वीर योद्धा थे जो भीम के पौत्र थे। उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है, क्योंकि वे निराश और हारे हुए लोगों को सहारा देते हैं। उन्हें भगवान कृष्ण का एक रूप माना जाता है, उन्हें कलयुग में अपने नाम से पूजे जाने का वरदान दिया था, क्योंकि बर्बरीक ने अपनी वीरता के बल पर युद्ध से पहले अपना शीशदान कर दिया था। खाटू श्याम का प्रसिद्ध मंदिर राजस्थान के सीकर जिले में स्थित है।

## बारिश से धान फसल बर्बाद



**गोपालपुर।** गांव एवं क्षेत्र में हो रही बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। पहले धान की बालियां निकलने के दौरान भूरा माहो एवं पे निकल माई जैसे किट प्रकोप से क्षति हुई और अब बेमौसम बारिश के कारण खड़ी फसल खेत में गिरकर अंकुरित हो रही है, जिसके कारण गांव एवं क्षेत्र के किसान चिंतित है। किसानों ने शासन प्रशासन से फसल क्षति के लिए उचित मुआवजा की मांग की है।

## विधिक साक्षरता शिविर में छात्राओं ने सीखा संदिग्ध गतिविधियों को पहचानना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- कन्या छात्रावास में लगा सतर्कता जागरूकता शिविर

तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के अध्यक्ष पुनीतराम गुरूपंच के नेतृत्व में शासकीय प्री मैट्रिक अजा. कन्या छात्रावास भटगांव में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इसमें न्यायाधीश पुनीतराम गुरूपंच द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी के अंतर्गत जानकारी दी। सतर्कता का अर्थ है जागरूक रहना, संदिग्ध गतिविधियों को पहचानना और तुरंत कार्रवाई करना। साथ ही सतर्कता कैसे भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी हथियार बन सकती है। व्यक्तिगत स्तर पर सतर्कता से भ्रष्टाचार रोकें, रिश्वत न दे न ले, छोटी-छोटी रिश्वत भ्रष्टाचार की जड़ है। सतर्क रहने नियम तोड़ने पर जुर्माना स्वीकार करें। यदि अधिकारी मांगे, तो वीडियो रिकॉर्ड करें और शिकायत दर्ज करें। दस्तावेजों की जांच और पारदर्शिता सरकारी योजनाओं आयुष्मान भारत, पीएम आवास में लाभ लेते समय दस्तावेज सत्यापित करें। फर्जी बिल या दलालों से सावधान रहें। आधार लिंक्ड पेमेंट सिस्टम ने 2.7 लाख करोड़ की बचत की क्योंकि सतर्कता से फर्जीवाड़ा भी हटाए गए। डिजिटल सतर्कता आनलाइन घोटाले, फर्जी टेंडर फिशिंग, भ्रष्टाचार का नया रूप है। संदिग्ध ईमेल मैसेज पर क्लिक न करें। सामाजिक स्तर पर सतर्कता सामूहिक शक्ति आरटीआई का हथियार सूचना का अधिकार भ्रष्टाचार की जड़ को उजागर करता है। साथ ही पड़ोसियों को शामिल कर सामूहिक दाखिल करें। नालसा द्वारा फ्री संचालित वर्ष 2025 की विभिन्न योजनाएं। नालसा टोल फ्री नंबर 15100, इसके अतिरिक्त साइबर क्राइम, बल श्रम निषेध, घरेलू हिंसा, मोटर वाहन अधिनियम, महिला संरक्षण, लोक अदालत में आपसी सहमति से राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण की जानकारी दी गई एवं राजस्व मामलों संबंधित विधिक जानकारी एवं जागरूकता प्रदान की गई। उक्त शिविर में भटगांव छात्रावास अधीक्षिका लता सिदार, हास्टल के कर्मचारीगण व छात्राएं उपस्थित रहे।



### भ्रष्टाचार न करने की शपथ ले

भ्रष्टाचार देखें तो चुप न रहे, शिकायत करें। संस्थागत और सरकारी स्तर पर सतर्कता, ई - गवर्नेंस और डिजिटलीकरण डिजिटल इंडिया ने टेंडर, लाइसेंस, सब्सिडी को ऑनलाइन किया। सतर्कता यहां डेटा एनालिटिक्स से होती है। नागरिक भूमिका फीडबैक दे, गड़बड़ी रिपोर्ट करें। सुझाव सरकारी विभागों में श्इंटीग्रिटी प्लेज ले, भ्रष्टाचार न करने की शपथ ले। इसके अतिरिक्त नालसा के नई योजनाओं जैसे दीवान, जागृति, आशा, साथी, समवाद के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया।

## अग्रवाल महिला मंडल ने मनायी आंवला नवमी ...



**खरोरा|** नगर के अग्रवाल महिला मंडल ने अग्रसेन चौक स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में आंवला नवमी पर्व पर आंवला नवमी के प्रसाद का आयोजन रखा। इसमें अग्रवाल समाज की सभी महिलाओं, बहुओं एवं बेटियों ने भरपूर योगदान दिया। आंवला नवमी के इस अवसर पर पूरे अग्रवाल समाज का भरपूर सहयोग मिला।

## नल-जल योजना के लिए खोदा गड्ढा दे रहा हादसे को न्योता

**अर्जुनी।** भाटापारा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत में नल जल योजना में जमकर लीपापोती की गई। टोपा में नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई थी, लेकिन काम पूरा होने के बाद गड्ढों को भरा नहीं गया है। गांव के मुख्य मार्ग पर ही यह बड़ा गड्ढा बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। यह वही रास्ता है, जिससे गांव के अंदर-बाहर रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं।

गांव में त्यौहारों का मौसम चल रहा है, ऐसे में किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार या जिम्मेदार अधिकारी ने काम अधूरा छोड़ दिया है और अब कोई ध्यान नहीं दे रहा।



ग्रामीण रूपेश नागवंशी ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नल-जल योजना का लाभ तो मिला, अब तो यह गड्ढा ही लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। त्योहार के समय अगर कोई हादसा होता है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

**भीम आर्मी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

# एग्रीस्टेक पंजीयन से बढ़ी किसानों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवां

भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में एग्रीस्टेक पंजीयन से किसानों को समस्या हो रही है। किसानों की उपज न बिके इसके लिए राज्य सरकार ने यह पोर्टल पेश किया है। इस व्यवस्था से दलाल कैसे भी करके धान बेच लेगा। यदि एग्री स्टेक सफल नहीं हो रहा है, तो इसमें किसानों का क्या दोष है। अगर जल्द से जल्द किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ और उनकी फसल उचित मूल्य में धान खरीदी नहीं हुई तो किसानों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जो किसान कर्ज में हैं उनका जीवन दूभर हो जाएगा। इसके लिए भीम आर्मी आंदोलन करेगी। भीम आर्मी ने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में वारिसान धान पंजीयन का कोई ऑप्शन नहीं है, जिससे जिले के हजारों किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे, इसके लिए जिला प्रशासन सभी तहसीलदारों को आदेश जारी करें, कि ऐसे मामलों की सूची बनाकर सोसायटियों में तहसीलदार कैरी फॉरवर्ड करें, ताकि इस प्रकरण के किसानों के भी धान बिक सकेंगे।

भीम आर्मी ने जिला प्रशासन से तत्काल किसानों की समस्या का जल्द समाधान करें अन्यथा भीम आर्मी आगामी समय में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश महासचिव, अतिरिक्त बिलासपुर संभाग प्रभारी मनीन्दर सिंह आजाद के साथ पूर्व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष खगेश निराला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित जायसवाल, पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार वारे, राजेश भास्कर, ग्राम अध्यक्ष विक्रम जांगड़े तथा बिलाईगढ़ क्षेत्र के अन्य किसान उपस्थित थे।






